संख्या-186/2021/1088/23-9-2021-08पी0एम0/2020

प्रेषक,

महेश कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 26 नवम्बर, 2021

विषय:-जनपद गाजीपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पैकेज सं0-यू0पी0-2977 के अन्तर्गत निर्मित गाजीपुर-मऊ एन0एच0 (जंगीपुर) से सुभाखरपुर (आरीपुर) मार्ग लम्बाई 10.250 कि0मी0 को अनुरक्षण अवधि में पी0एम0जी0एस0वाई0 से लोक निर्माण विभाग के संबंधित स्टेट खण्ड को हस्तान्तरित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, गाजीपुर के पत्र संख्या-540/3 मार्ग/लो0नि0वि0/2020, दिनांक 21.11.2020 एवं मुख्य अभियन्ता, पी.एम.जी.एस.वाई.सेल, लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र संख्या-1085प्र0प0/725प्र0प0/08, दिनांक 08.11.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें ।

2- उक्त सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद गाजीपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पैकेज संख्या-यू0पी0-2977 के अन्तर्गत निर्मित "गाजीपुर-मऊ एन0एच0 (जंगीपुर) से सुभाखरपुर (आरीपुर) मार्ग लम्बाई 10.250 कि0मी0" को अत्यधिक यातायात के कारण क्षतिग्रस्त होने तथा पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत इसका रख-रखाव सम्भव न होने के कारण जांच समिति की संस्तुति के दृष्टिगत अनुरक्षण अवधि में पी0एम0जी0एस0वाई0 से प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग गाजीपुर को हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

3- कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेश कुमार)
विशेष सचिव

क्रमशः....

<u>संख्या-186 /2021/1088(1)/23-9-2021-तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, गन्ना किसान संस्थान, न्यू बेरी रोड, लखनऊ।

3- जिलाधिकारी, गाजीपुर को उनके पत्र संख्या-540/3 मार्ग/लो0नि0वि0/ 2020, दिनांक 21.11.2020 के क्रम में।

4- मुख्य अभियन्ता, पी.एम.जी.एस.वाई. सेल, लो0नि0वि0, लखनऊ को उनके पत्र संख्या-1085प्र0प0/725प्र0प0/08, दिनांक 08.11.2021 के क्रम में।

5- मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी ।

6- मुख्य अभियन्ता, पीएमजीएसवाई क्षेत्र, लो0नि0वि0, प्रयागराज ।

7- मुख्य अभियन्ता, पीएमजीएसवाई क्षेत्र, लो0नि0वि0, लखनऊ ।

8- अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर ।

9- अधीक्षण अभियंता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी ।

10- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गाजीपुर ।

11- अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-2 (प्र0प0), लो0नि0वि0, गाजीपुर ।

12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव